**Loss due to non-allotment of flats**

225. SHRI RAJNI RANJAN SAHU Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that several crores of rupees invested in flats purchased by the Directorate of Estates from DDA remained blocked for several years;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) what is the quantum of revenue loss and the number of the allottees who suffered as a result thereof?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DAULAT RAM SARAN): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

**उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन**

226. **श्री राम नरेश यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन को दुगना करने के लिए कोई कार्यक्रम तैयार किया है;

(ख) क्या राज्य सरकार ने उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्रीय सरकार से सहायता मांगी है ; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कार्यक्रम के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को कितनी सहायता दी जाएगी ?

**कृषि मंत्रालय मे कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्तीलाल वीरचन्द भाई शाह) :** (क) जी नहीं। राज्य ने 1989-90 में हुए 33.7 मिलियन मीटरीटन खाद्यान्न उत्पादन को 1994-95 में 43.0 मिलियन मीटरीटन तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया है ।

(ख) और (ग) राज्य में खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाने के लिए, समेकित चावल विकास कार्यक्रम, गेंहू, मक्का और कदन्न तथा दालों के लिए विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम , राष्ट्रीय दलहन विकास कार्यक्रम आदि जैसी कई योजनाएँ क्रियान्वित की ज रही हैं । मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य को दी जाने वाली सहायता की मात्रा का निर्धारण आठवीं पंचवर्षीय योजना के स्वीकृत हो जाने के पश्चात् किया जाएगा ।

**उत्तर प्रदेश में दूध का उत्पादन**

227. **श्री राम नरेश यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश मे प्रति वर्ष दूध का कितना कितना उत्पादन हुआ है ;

(ख) किसानों से दूध किस दर पर खरीदा जाता है ;

(ग) गाजियाबाद तथा मेरठ से अन्य संस्थानों को कितनी कितनी मात्रा में दूध सप्लाई किया जाता है, तथा किस कीमत पर ;

(घ) क्या उपरोक्त दूध की कीमत के भुगतान में अधिक विलम्ब किया जाता है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में स्थिति में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है ?

**कृषि मंत्रालय मे कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री जयन्तीलाल वीरचन्दभाई शाह) :** (क) विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में वर्षवार, अनुमानित वार्षिक दुग्ध उत्पादन निम्नवत् हैं

| वर्ष | अनुमानित दुग्ध उत्पादन<br>हजार मीटरी टन में |
|---|---|
| 1986-87 | 8417 |
| 1987-88 | 8595 |
| 1988-89 (अंतिम) | 8824 |

(ख) माह अक्टूबर, 1990 के दौरान सरकारी डेरियो द्वारा अदा किया गया औसत उत्पादक मूल्य निम्नवत् है .—

(i) गाय का दूध—3.35 रुपये से 3.83 रुपए प्रति कि० ग्रा० (4 % वसा तथा 8 5% ठोस वान्ड फैट)